## "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी महोदय/उपाध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन–बहराइच की अध्यक्षता में दिनांक 11–12–2025 को "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" (DWSM) की आयोजित बैठक का कार्यवृत्त :–

उपाध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन/मुख्य विकास अधिकारी, बहराइच की अध्यक्षता में दिनांक 11.12.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत क्रियान्वित की जा रही पाइप पेयजल योजनाओ के माह नवम्बर 2025 की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद बहराइच की निर्माणाधीन व पूर्ण पाइप पेयजल योजनाओं के प्रगति की समीक्षा विकास भवन सभा कक्ष में सम्पादित किया गया। बैठक में जल निगम(ग्रामीण) बहराइच के अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता व जूनियर इंजीनियर, फर्मो के प्रतिनिधि तथा जिला समन्वयक कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे–







### फेज–2 फर्म मेसर्स पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0(जे0वी0)

कार्यदायी फर्म मेसर्स पी.एन.सी.–एस.पी.एम.एल.(जे.वी.), द्वारा 599 नग पाइप पेयजल योजनाओं में से 75 नग पाइप पेयजल योजनाओं में शिरोपरि जलाशय के माध्यम से पानी का संचालन किया जा रहा है जिसमें से 22 नग पाइप पेयजल योजनाओं को पूर्ण करते हुए राख–रखाव कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। वर्तमान में फर्म द्वारा जिन पाइप पेयजल योजनाओं का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण है उनको प्राथमिकता पर कार्य पूर्ण कराते हुए रख–रखाव में ले जानें हेतु लक्षित किया गया है। 44 नग पाइप पेयजल योजनाओं पर कार्य पूर्ण कराकर आगामी माह तक रख–रखाव में लानें हेतु लक्षित किया गया है। वर्तमान में फर्म के द्वारा निर्माण करायी जा रही पाइप पेयजल योजनाओं में भूमिविवाद का कोई भी प्रकरण लम्वित नहीं है। निर्देशित किया गया कि वितरण प्रणाली बिछाये जानें हेतु खोदी गयी सड़कों को पुर्नस्थापना कार्य में विशेष ध्यान दिया जाये।

फर्म द्वारा पूर्ण की गयी 10 नग पाइप पेयजल योजनाओं का सत्यापन कराया जा चुका है तथा शेष 12 नग पाइप पेयजल योजनाओ के सत्यापन हेतु संयुक्त निरीक्षण कराये जानें हेतु निर्देशित किया गया तथा यह भी निर्देश दिया गया कि किन्ही दो पाइप पेयजल योजनाओं का सत्यापन मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा स्वयं किया जायेगा।

75 नग पूर्ण शिरोपरि जलाशय मे से अवशेष अधिक से अधिक योजनाओं का कार्य शीघ्र पूर्ण कराते हुए योजनाओं को रख–रखाव में ले जानें हेतु लक्षित किया जाए।

**(कार्यवाही–मेसर्स पी0एन0सी0/अधिशासी अभियन्ता)**

### फेज–5 फर्म मेसर्स जी0ए0इन्फ्रा–वी0पी0एल0 (जे0वी0)

कार्यदायी फर्म मेसर्स जी.ए.इन्फ्रा–वी.पी.एल.(जे.वी.), द्वारा 162 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष संतोषजनक प्रगति न होनें पर फर्म के डी.जी.एम. द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकांश शिरोपरि जलाशय का प्रविधान जिंक ऐलम में किये जानें से शिरोपरि जलाशय के जिंक ऐलम का अधिष्ठापन नहीं कराया जा सका है। फर्म द्वारा जिंक ऐलम के अधिष्ठापन हेतु नामित किये गये फर्म (Manfold) को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा सस्पेण्ड कर दिया गया है। जिस कारण शिरोपरि जलाश की प्रगति बहुत धीमी है। 03 नग पाइप पेयजल योजनाओं को पूर्ण करते हुए रख–रखाव में लानें हेतु लक्षित किया गया है।

**(कार्यवाही–फर्म वी0पी0एल0/अधिशासी अभियन्ता)**

### फर्म मेसर्स वी0टी0एल0

कार्यदायी फर्म मेसर्स वी.टी.एल. द्वारा जनपद बहराइच की पूर्व की पूर्ण पाइप पेयजल योजनाओं के रख–रखाव का कार्य सम्पादित किया जा रहा है जिस हेतु फर्म द्वारा प्राक्कलन तैयार कर मुख्यालय स्तर पर प्रेषित कर दिया गया है वर्तमान में फर्म द्वारा 74 नग पाइप पेयजल योजनाओं का नियमित संचालन किया जा रहा है। उपध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि फर्म के रख–रखाव कार्य हेतु गठित किये गये अनुबन्ध की प्रति उपलब्ध करायी जाए जिससे उसका अध्यन किया जा सके।

Scanned with CamScanner

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि 14 नग पाइप पेयजल योजनाए पूर्ण रूप से तथा 60 नग पाइप पेयजल योजनाए आंशिक रूप से नियमित संचालित की जा रही है।

**(कार्यवाही—फर्म वी0टी0एल0/अधिशासी अभियन्ता)**

❖ अन्य बिन्दु :—

1. उपाध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि योजनाओं का रख—रखाव कब से किया जायेगा के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि रख—रखाव हेतु शासन स्तर से जारी किये गये चेकलिस्ट के अनुसार कार्य पूर्ण होनें के पश्चात रख—रखाव हेतु सम्मिलित किया जायेगा।
2. योजनाओं को रख—रखाव में सम्मिलित करते समय ही हस्तान्तरण सम्बन्धी कार्यवाही भी पोर्टल के माध्यम से पूर्ण करायी जाये के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि साथ—ही साथ पोर्टल पर अपलोड कराया जा रहा है।
3. डी.पी.आर.ओ. स्तर पर पूर्ण पाइप पेयजल योजनाए हस्तान्तरण हेतु कितनी लम्बित है की स्थिति से अवगत कराया जाये के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि दो पाइप पेयजल योजनाएं सुसरौली और राजापुर कला लम्बित है।
4. रख—रखाव हेतु लक्षित की गयी पाइप पेयजल योजनाओं का 15 दिवस में अपडेटेड चार्ट की प्रगति अग्रिम बैठक में प्रस्तुत करें, अनुपाल किये जानें हेतु निर्देश दिया गया।
5. दोनो फर्मो के गुणवत्ता की समानता के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि दोनों की गुणवत्ता में लगभग समानता है।
6. अल्प संख्यक ग्रामों में किये जा रहे निर्माण कार्यो की स्थिति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 08 नग पाइप पेयजल योजनाए सी.एल.डी.एफ. द्वारा तथा 05 नग पाइप पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य जल निगम द्वारा कराया जा रहा है, जिन्हे अभी वी.टी.एल. को नहीं दी गयी है।

**मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष,**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,**
**जनपद—बहराइच।**

# कार्यालय—मुख्य विकास अधिकारी, बहराइच।

पत्रांक 1319 /जेजेएम/जि0पे0स्व0मि0—बैठक/कार्य—17 / 626 दिनांक 16 दिसम्बर ,2025

**प्रतिलिपि— निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम—(ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
3. संयुक्त प्रबन्ध निदेशक, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
4. जिलाधिकारी, बहराइच।
5. जिला पंचायतराज अधिकारी, बहराइच।
6. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालयए, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बहराइच।
7. सम्बन्धित कार्यदायी संस्था (फर्म) को उपरोक्तानुसार अनुपालनार्थ हेतु।

**मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष,**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,**
**जनपद—बहराइच।**

Scanned with CamScanner